SAMSUNG

# सैमसंग इंडिया ने सैमसंग मॉल के साथ लॉन्च किया गैलेक्सी J2 2018

- *गैलेक्सी J2 2018 सैमसंग के हिट J2 मॉडल्स का नया वर्ज़न है*
- *गैलेक्सी J2 2018 सैमसंग मॉल के साथ प्री-लोडेड है जो ऑनलाइन शॉपिंग का अनुभव बदल देता है*

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल, 2018:** भारत के नंबर 1 और सबसे भरोसेमंद कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल फोन ब्रैंड सैमसंग ने आज गैलेक्सी J2 2018 लॉन्च किया है, जिसके साथ सैमसंग की बेस्ट-सेलिंग रेंज गैलेक्सी J सीरीज़ और भी मज़बूत हो गई है। नया गैलेक्सी J2 2018 सैमसंग मॉल के साथ आता है, एक नई क्रान्तिकारी सर्विस जिसके ज़रिए उपभोक्ता अपनी पसंद के प्रोडक्ट की फोटो क्लिक कर, उसी वक्त वैसे ही प्रोडक्ट्स कई लोकप्रिय ई- कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर तलाश कर शॉपिंग कर सकते हैं।

गैलेक्सी J2 2018 क्वालकोम स्नैपड्रैगन प्रोसेसर, 2 GB रैम और 16 GB इंटरनल के साथ आता है। स्मार्टफोन में आधुनिक 'डिवाइस मेंटेनेन्स' फीचर है, जो डिवाइस के परफोर्मेन्स को ऑप्टिमाइज़ करता है। गैलेक्सी J2 2018 सैमसंग के आधुनिक मेमोरी-सेविंग फीचर के साथ आता है जो सोशल मीडिया ऐप्लिकेशन के कन्टेन्ट को सीधे एक्सटर्नल मैमोरी कार्ड पर डाल देता है।

गैलेक्सी J2 2018 में 5.0'' सुपर अमोल्ड डिस्प्ले, 2,600 mAh बैटरी मौजूद है जिससे व्यूइंग का शानदार अनुभव मिलता है। एलईडी फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का रियर कैमरा और 5 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा, गैलेक्सी J2 2018 को कम रोशनी में भी शानदार तस्वीरें लेने में सक्षम बनाता है।

सैमसंग मॉल नया 'मेक फॉर इंडिया' इनोवेशन है जो आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स का इस्तेमाल कर ऑनलाइन शॉपिंग का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। इसके मुख्य फीचर्स हैं:

- विज़ुअल सर्च- आपको जो भी प्रोडक्ट पसंद है, उसकी फोटो खीचें, सैमसंग मॉल आपको विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साईट्स पर मौजूद उसी तरह के प्रोडक्ट्स के सर्च परिणाम दिखाएगा। उपभोक्ता अपनी गैलरी में मौजूद फोटो का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ये फीचर अच्छे परिणामों के लिए मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करता है।

SAMSUNG

- वन-स्टॉप शॉप- सैमसंग मॉल टॉप ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर फोटो सर्च करके आपको कीमत की तुलना करके परिणाम देता है।
- युनिवर्सल कार्ट- आप विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स के आइटम एक ही कार्ट में ऐड कर उन्हें आसानी से एक साथ देख सकते हैं।

**सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिज़नेस के डायरेक्टर सुमित वालिया** ने कहा, *'गैलेक्सी J2 2018 इनोवेशन्स के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस डिवाइस के लिए, हमने युवाओं के दो ट्रेंड्स पर फोकस किया- ऑनलाइन शॉपिंग का बढ़ता चलन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का ज़्यादा इस्तेमाल। विज़ुअल सर्च के साथ सैमसंग मॉल आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के ज़रिए उपभोक्ताओं के शॉपिंग करने के तरीके को बदल देता है। सोशल मीडिया का ज़्यादा इस्तेमाल करने वाले यूज़र्स के लिए, सैमसंग का 'मूव टू मेमेरी कार्ड' फीचर एक एडवांस्ड मेमोरी मैनेजमेंट सॉल्यूशन है जो इंटरनल मेमोरी को फ्री करता है, जिससे स्मार्टफोन एक्सपीरियंस बेहतर हो जाता है।'*

गैलेक्सी J2 2018, 27 अप्रैल से 8,190 रुपये में गोल्ड, ब्लैक और पिंक कलर्स में उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, सैमसंग गैलेक्सी J2 2018 पर जियो के उपभोक्ताओं को 198 रुपये या 299 रुपये के प्लान पर रीचार्ज करने पर माई जियो अकाउन्ट में 2750 रुपये का इंस्टेन्ट कैशबैक मिलेगा। उन्हें अगले 10 रीचार्ज के लिए हर रीचार्ज पर 10 GB अतिरिक्त 4G डेटा भी मिलेगा, जिसकी मदद से उपभोक्ता क्रिकेट स्ट्रीमिंग, वीडियो, म्यूज़िक का आसानी से लुत्फ़ उठा सकेंगे।

**सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड के बारे में**

सैमसंग अपने बदलावपूर्ण आइडिया और तकनीक के साथ दुनिया को प्रभावित और भविष्य का आकार प्रदान करता है। कंपनी ने टीवी, स्मार्टफोन, वियरेबल्स डिवाइस, टैबलेट, डिजिटल उपकरण, नेटवर्क सिस्टम और मेमोरी, सिस्टम एसएसआई, फाउंड्री और एलईडी सॉल्यूशंस की दुनिया को नए सिरे से परिभाषित किया है। सैमसंग इंडिया से जुड़ी ताजा खबरों के लिए, सैमसंग इंडिया न्यूजरूम http://news.samsung.com/in पर जाएं।

For further information please contact:

Varun Sinha

Samsung India

Email: varun.sinha@samsung.com

DeependraChetri

Adfactors PR

Email:deependra.chetri@adfactorspr.com

SAMSUNG

| Samsung Galaxy J2 2018 Specifications | |
|---|---|
| **Processor** | Qualcomm Snapdragon Quad-Core processor |
| **Display** | 5” qHD Super AMOLED display |
| **Camera** | 8MP Rear Camera + 5MP Front Camera<br>Front & Rear LED Flash |
| **Video Recorder**<br><br>**Video Player** | FHD (1920 x 1080) \| @30fps<br><br>MP4,M4V,3GP,3G2,WMV,ASF,AVI,FLV,MKV,WEBM |
| **Connectivity** | USB 2.0 |
| | Bluetooth v4.2 |
| | Wi-Fi : 802.11 b/g/n 2.4GHz |
| | |
| **Sensor** | Accelerometer, Proximity Sensor |
| **Memory** | 2GB RAM + 16GB Internal Memory<br>Expandable up to 256GB |
| **Dimension** | 143.8mm x 72.3mm x 8.4mm |
| **Battery** | 2,600 mAh |